# नादान दोस्त

Question 1.
अंडों की संख्या कितनी थी ?
(a) तीन
(b) चार
(c) पाँच
(d) दो

▼ Answer

Answer: (a) तीन

---

Question 2.
श्यामा ने टूटे हुए अंडों को कब देखा ?
(a) पाँच बजे
(b) चार बजे
(c) तीन बजे
(d) दो बजे

▼ Answer

Answer: (b) चार बजे

---

Question 3.
श्यामा प्याली किसलिए लाई ?
(a) बच्चों को खाना खिलाने के लिए
(b) बच्चों के रूलाने केलिए
(c) बच्चों को पानी पिलाने के लिए
(d) बच्चों के सोने के लिए

▼ Answer

Answer: (c) बच्चों को पानी पिलाने के लिए

---

Question 4.
बच्चों ने अंडे किस पर रखे ?
(a) हरी-हरी घास पर
(b) मिट्टी के ऊपर
(c) पुरानी धोती के ऊपर
(d) टोकरी में

▼ Answer

Answer: (c) पुरानी धोती के ऊपर

---

Question 5.
स्टूल किसके द्वारा पकड़ा गया ?
(a) माता जी के
(b) केशव के
(c) केशव व श्यामा के
(d) श्यामा के

▼ Answer

Answer: (d) श्यामा के

---

Question 6.
'नादान दोस्त' पाठ के लेखक कौन हैं ?
(a) कृष्णा सोबती
(b) प्रेमचंद
(c) विनय महाजन
(d) विष्णु प्रभाकर

▼ Answer

Answer: (b) प्रेमचंद

---

Question 7.
अंडे गंदे क्यों हुए ?
(a) छू लेने के कारण
(b) मिट्टी लग जाने के कारण
(c) अंडे गिर जाने के कारण
(d) हवा चलने के कारण

▼ Answer

Answer: (a) छू लेने के कारण

---

Question 8.
अंडों की देखभाल के लिए केशव और श्यामा धीरे-से बाहर क्यों निकले ?
(a) वे माँ की नींद नहीं तोड़ना चाहते थे
(b) माँ नहीं चाहती थी कि वे चिड़ियों की देखभाल करें
(c) माँ नहीं चाहती थी कि वे बाहर धूप में खेलें
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

▼ Answer

Answer: (c) माँ नहीं चाहती थी कि वे बाहर धूप में खेलें

---

Question 9.
केशव और श्यामा ने चिड़ियों और अंडों की देखभाल के लिए क्या किया ?
(a) उनके खाने के लिए थोड़ा-सा दाना कार्निस पर रखा
(b) पानी की प्याली रखी

(c) धूप से बचाने के लिए टोकरी लगाकर छाया की
(d) उपर्युक्त सभी कुछ किया

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी कुछ किया

---

Question 10.
'हिकमत' शब्द का क्या अर्थ है ?
(a) हकुमत
(b) हिम्मत
(c) युक्ति (उपाय)
(d) गंदगी

▼ Answer

Answer: (c) युक्ति (उपाय)

---

गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

(1)

केशव के घर कार्निस के ऊपर एक चिड़िया ने अंडे दिए थे। केशव और उसकी बहिन श्यामा दोनों बड़े ध्यान से चिड़िया को वहाँ आते-जाते देखा करते। सवेरे दोनों आँखें मलते कार्निस के सामने पहुँच जाते और चिड़ा और चिड़िया दोनों को वहाँ बैठा पाते। उनको देखने में दोनों बच्चों को न मालूम क्या मज़ा मिलता, दूध और जलेबी की सुध भी न रहती थी। दोनों के दिल में तरह-तरह के सवाल उठते। अंडे कितने बड़े होंगे? किस रंग के होंगे? कितने होंगे? क्या खाते होंगे? उनमें से बच्चे किस तरह निकल आएँगे? बच्चों के पर कैसे निकलेंगे? घोंसला कैसा है? लेकिन इन बातों का जवाब देने वाला कोई नहीं। न अम्माँ को घर के काम-धंधों से फुरसत थी, न बाबू जी को पढ़ने लिखने से। दोनों बच्चे आपस ही में सवाल-जवाब करके अपने दिल को तसल्ली दे लिया करते थे।

Question 1.
चिड़िया ने अंड़े कहाँ दिए थे ?
(a) घोंसले में
(b) कार्निस के ऊपर
(c) खिड़की में
(d) अमरूद के पेड़ पर

▼ Answer

Answer: (b) कार्निस के उपर।

---

Question 2.
दोनों बच्चे किसे देखकर आनंदित होते थे ?
(a) दूध-जलेबी को
(b) चिड़िया के अंडों को
(c) चिड़ा और चिड़िया को
(d) कार्निस को

▼ Answer

Answer: (c) चिड़ा और चिड़िया को।

---

Question 3.
बच्चों के मन में क्या सवाल उठते थे ?
(a) अंडे कितने बड़े होंगे
(b) किस रंग के होंगे
(c) क्या खाते होंगे
(d) उपर्युक्त सभी

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी।

---

Question 4.
दोनों बच्चे किस प्रकार दिल को तसल्ली दे लिया करते थे ?
(a) माता से सवाल करके
(b) बाबू जी से पूछ कर
(c) आपस में ही संवाल-जवाब करके
(d) इनमें से कोई नहीं

▼ Answer

Answer: (c) आपस में ही सवाल-जवाब करके।

---

Question 5.
केशव की बहिन का क्या नाम था ?
(a) श्यामा
(b) लता
(c) मोहिनी
(d) प्रेमलता

▼ Answer

Answer: (a) श्यामा।

---

(2)

गरमी के दिन थे। बाबू जी दफ़्तर गए हुए थे। अम्माँ दोनों बच्चों को कमरे में सुलाकर खुद सो गई थीं। लेकिन बच्चों की आँखों में आज नींद कहाँ ? अम्माँ जी को बहलाने के लिए दोनों दम रोके, आँखें बंद किए, मौके का इंतज़ार कर रहे थे। ज्यों ही मालूम हुआ कि अम्माँ जी अच्छी तरह से सो गईं, दोनों चुपके से उठे और बहुत धीरे से दरवाज़े की सिटकनी खोलकर बाहर निकल आए। अंडों की हिफाज़त की तैयारियाँ होने लगीं। केशव कमरे से एक स्टूल उठा लाया, लेकिन जब उससे काम न चला तो नहाने की चौकी लाकर स्टूल के नीचे रखी और डरते-डरते स्टूल पर चढ़ा।

Question 1.
यहाँ किस मौसम की बात हो रही है ?
(a) गर्मी की
(b) सर्दी की

(c) बरसात की
(d) वसंत की

▼ Answer

Answer: (a) गर्मी।

---

Question 2.
बच्चे किसकी हिफाज़त करना चाहते थे ?
(a) वच्चों की
(b) चिड़ा-चिड़िया की
(c) अंडों की
(d) घोंसले की

▼ Answer

Answer: (c) अंडों की।

---

Question 3.
केशव कार्निस तक कैसे पहुँचा ?
(a) सीढ़ी लगाकर
(b) स्टूल लगाकर
(c) चारपाई लगाकर
(d) स्टूल व नहाने की चौकी लगाकर

▼ Answer

Answer: (d) स्टूल व नहाने की चौकी रखकर।

---

Question 4.
केशव के पिता जी कहाँ गए थे ?
(a) बाजार
(b) शहर
(c) दफ्तर
(d) स्कूल

▼ Answer

Answer: (c) दफ्तर।

---

Question 5.
यहाँ किस समय की घटना का वर्णन है ?
(a) दोपहर
(b) प्रातःकाल
(c) सायंकाल
(d) रात

▼ Answer

Answer: (a) दोपहर।

---